हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 18 फरवरी 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | रतलाम ]

04 ट्रैप कैमरे में कैद हुए नन्हें मेहमान अभयारण्य...

07 कम प्रगति पर फटकार, अगले माह में सुधार करने...


## खबर संक्षेप

### नगर परिषद में सीएमओ के पद पर मिनी अग्रवाल की हुई नियुक्ति

**नलखेड़ा।** नगर परिषद में पहली बार महिला सीएमओ की नियुक्ति राज्य शासन द्वारा की गई है। इस पद पर मिनी अग्रवाल द्वारा प्रभारी सीएमओ बाबूसिंह राजपूत से पदभार ग्रहण किया। श्रीमती अग्रवाल द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद भाजपा नेत्री साक्षी सकलेचा, महेश गौड़, नगर परिषद की कीर्ति बाजपेई ने स्वागत कर मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया।

### सीहोर में रोजगार मेला 19 फरवरी को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19 फरवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में वर्धमान फेब्रिक्स, ट्रेइडेंट ग्रुप, आयशर कंपनी, एचडीएफसी बैंक, श्रीराम फाइनेंस, स्वरर्ना फर्टीलाइजर, एसबीआई लाइफ, पुष्पक एग्रोटेक, एमआरएफ लिमिटेड सहित 19 कंपनियों द्वारा लगभग 1366 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक सभी मूल दस्तावेजों के साथ 19 फरवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### कलेक्टर-एसपी ने देखी महोत्सव की व्यवस्थाएं

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम पर 14 से 20 फरवरी तक रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रख रहे हैं और समय-समय पर प्रतिदिन निरीक्षण भी कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाएं देखीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### श्रद्धालुओं को खिचड़ी का वितरण किया

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर सीहोर में शिव बारात नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इस अवसर पर न्यू अथर्व फाउंडेशन के सदस्यों के नेतृत्व मे महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को खिचड़ी का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए फाउंडेशन के सुनील राय ने बताया कि प्रतिवर्ष हम सब मिलकर महाशिवरात्रि के अवसर पर खिचड़ी के प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं को करते हैं।

# 1286 दिन बीते, जनता से किए वादों को निभाने पार्षदों के पास बचे 539 दिन


## चुनाव के वक्त किए थे बड़े-बड़े वादे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजनीति में वादे करना जितना आसान है, उन्हें निभाना उतना ही कठिन। जिले की 9 नगरीय निकायों के 158 पार्षदों (35 सीहोर, 18 आष्टा और 105 नगर परिषदों के) के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जुलाई-अगस्त 2022 के चुनावी शोर में जनता के पैर छूकर वार्डों में 'स्वर्ग' उतारने का वादा करने वाले इन माननीयों के कार्यकाल का सूरज अब ढलने की ओर है। तारीखों देखें तो इन पार्षदों ने 1286 दिन (करीब साढ़े तीन साल) का लंबा वक्त गुजार दिया है, लेकिन विकास की फाइलें अब भी कछुआ चाल से चल रही हैं।

बता दें जिले की 2 नगर पालिकाओं (सीहोर व आष्टा) और 7 नगर परिषदों (इछावर, भैरूंदा, बुदनी, रेहटी, जावर, कोठरी, शाहगंज) में विकास की जमीनी हकीकत आज भी कई वार्डों में वैसी ही है] जैसी तीन साल पहले थी। अगस्त 2022 में सत्ता की कुर्सी संभालते वक्त पार्षदों के चेहरे पर जो चमक थी] वह अब जनता के तीखे सवालों के सामने फीकी पडऩे लगी है। अब महज 539 दिन (लगभग डेढ़ साल) का समय शेष है। सवाल यह है कि

## अब गली-मोहल्लों में हिसाब मांग रहे मतदाता



## मतदाताओं के बीच डेढ़ साल बाद फिर जाना है वोट मांगने

जो काम बीते 1286 दिनों में नहीं हुआ] क्या वह अगले सवा साल में पूरा हो पाएगा। वादा तेरा वादा... जनता को अब भी याद है चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने हर गली में पक्की सडक़, नालियों की सफाई, शुद्ध पेयजल और स्ट्रीट लाइट के सपने दिखाए थे। कुछ सक्रिय पार्षदों ने तो अपने वार्डों की सूरत बदल दी, लेकिन एक बड़ी संख्या उन पार्षदों की भी है जो चुनाव जीतने के बाद 'गुमशुदा' की श्रेणी में आ गए।

### अगस्त 2027 में फिर सजेगा चुनावी अखाड़ा

बता दें नगर पालिका और नगर परिषदों का कार्यकाल अगस्त 2027 में पूर्ण होने जा रहा है। यानी अगले साल के मध्य तक चुनावी सुगबुगाहट फिर शुरू हो जाएगी, जो पार्षद आज विकास कार्यों की उपेक्षा कर रहे हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता अब जागरूक है। सोशल मीडिया के दौर में हर वादे का स्क्रीनशॉट सुरक्षित है। अगर अगले 539 दिनों में पेंडिंग फाइलों पर धूल नहीं झड़ी और विकास जमीन पर नहीं उतरा तो वार्ड के विकास पुरुष कहलाने का सपना देख रहे कई चेहरों को मतदाता घर बैठाने में देर नहीं करेंगे।

## नगरवासियों ने जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया

# राजवाड़ा क्षेत्र में हो रहा था दूषित जल प्रदाय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर के वार्ड क्रमांक 1 एवं 3 स्थित राजवाड़ा मोहल्ला में दूषित पेयजल आपूर्ति का मामला सामने आने पर अब व्यापक जनआक्रोश का रूप ले चुका है। जिसका नगर वासियों ने नगर के राजवाड़ा से झंडा चौक तक ढोल के साथ जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि जिस बावड़ी से क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जा रही थी, उसमें कई दिनों तक कुत्ता मरा पड़ा रहा और इसके बावजूद जल सप्लाई जारी रखा गया। पानी से बदबू आने के बाद सच्चाई सामने आई। इस घटना ने केवल स्थानीय नागरिकों में भय और नाराजगी पैदा की है, बल्कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

कांग्रेस नेता राजमल सोनी ने आरोप लगाया कि बावड़ी में मृत कुत्ता होने की जानकारी के बावजूद जल आपूर्ति बंद नहीं की गई, जो सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ है। भाजपा नेता कैलाशनारायण परिहार ने भी नगर परिषद की लापरवाही को गंभीर बताते हुए कहा कि यह प्रशासनिक संवेदनहीनता का उदाहरण है। पूर्व पार्षद गौरीशंकर सूर्यवंशी ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी निभाने के लिए चुना है, लेकिन प्रेस वार्ता में पूरे मामले को साजिश बताकर पल्ला झाड़ना उचित नहीं है।

पूर्व पार्षद गौरीशंकर सूर्यवंशी, कैलाश मालवीय, राजेश डीलर बाबूलाल सूर्यवंशी, श्याम गुर्जर देवकरण डीके सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं पार्षदगणों ने नगर परिषद सीएमओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। एसडीएम मिलिंद ढोके को शिकायत दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी ने आरोपों को निराधार बताते हुए घटना को साजिश करार दिया है। मामला प्रशासनिक जांच के अधीन है। नगर की जनता स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की मांग कर रही है।

### स्टॉपडेम के फिसलन भरे प्लेटफार्म से निकल रहे लोग

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर के पीछे लखुंदर नदी पर बने स्टॉपडेम के प्लेटफार्म को लोगों द्वारा आम रास्ता बना लिया गया है जबकि यहां काई जमी होने से फिसलन बनी हुई है जिसके कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। स्थानीय प्रशासन को उक्त प्लेटफॉर्म से लोगों की आवाजाही बंद की जाना चाहिए। वहीं इस प्लेटफॉर्म की समुचित सफाई भी करवाई जाना चाहिए। स्टॉपडेम में जल स्तर कम हो जाने से अब लखुंदर नदी का जल प्रवाह लगभग बंद सा हो गया है जिसके चलते इसके दूसरी ओर बने प्लेटफॉर्म का उपयोग लोग नदी के इस किनारे से उस किनारे तक जाने में करने लगे है। उक्त प्लेटफॉर्म पर काई जमी होने से यहाँ फिसलन बनी हुई है जिसके कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। प्रशासन को उक्त प्लेटफॉर्म से लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित की जाना चाहिए साथ ही इस प्लेटफॉर्म की समुचित सफाई करवाई जाना चाहिए जिससे कि कोई उस पर हादसे का शिकार ना हो सके।

**स्टॉपडेम में फसा कचरा, सफाई की आवश्यकता:** लखुंदर नदी का जल स्तर कम होने के साथ ही नगर परिषद द्वारा स्टॉपडेम के गेट लगा दिए गए है ताकि गर्मी के मौसम में जल संग्रहण रह सके व नगर में जल प्रदाय बाधित नही हो। स्टॉपडेम में लगाये गए गेट के दूसरी ओर कचरा व घास फसी हुई है जोकि नदी में व्याप्त गंदगी को इंगित कर रहा है। मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचने वाले दर्शनार्थियों में से अधिकांश मंदिर के पीछे स्थित स्टॉपडेम का नजारा देखने भी जाते है। ऐसे में नदी में बने इस स्टॉपडेम की इस प्रकार की गंदगी को देखकर यहाँ की स्वच्छता के प्रति वे अच्छे विचार लेकर नही जाते हैं।

# भाजपा जिला प्रभारी जयदीप पटेल पहुंचे मां के दरबार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री एवं आगर जिला प्रभारी जयदीप पटेल मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन किए गए। भाजपा आगर जिला प्रभारी बनने के बाद सोमवार रात्रि को प्रथम बार जिले में आगमन पर पटेल सर्वप्रथम मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचे। जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। मंदिर के पुजारी द्वारा उन्हें माता रानी की चुनर ओढाई गई। सिद्धपीठ पहुंचने पर बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पटेल का स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट की गई। दर्शन उपरांत पटेल सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पटेल यहां से समीपस्थ ग्राम गुदरावन पहुंचे जहाँ अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवनारायण भिलाला के निवास पर भोजन किया। इस दौरान भिलाला एवं ग्रामवासियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।



## बिजनेस साइट

### फ्लेक्सीकैप फंड्स को अच्छे से समझना जरूरी

**रतलाम।** फ्लेक्सीकैप फंड्स उन निवेशकों के लिए हैं जो बाजार के एक सेगमेंट तक सीमित हुए बिना इक्विटी में निवेश करना चाहते हैं। लार्ज-कैप, मिड-कैप या स्मॉल-कैप फंड्स के उलट, इन स्कीम्स को अलग-अलग मार्केट कैप में निवेश करने की आजादी होती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसी खास समय पर कौन से मौके ज्यादा आकर्षक लगते हैं। आइडिया यह है कि मार्केट के अलग-अलग हिस्से इकोनॉमिक साइकिल के अलग-अलग दौर में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, और एक फ्लेक्सिबल तरीका इन बदलावों को ज्यादा असरदार तरीके से संभालने में मदद कर सकता है।



**आशीष शर्मा**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रतलाम

मजबूत इकोनॉमिक फेज में, मिड और स्मॉल-कैप स्टॉक्स तेजी से ग्रोथ करते हैं क्योंकि बिजनेस गतिविधियां बेहतर होती है और निवेशकों का भरोसा बढ़ता है। ज्यादा अनिश्चित समय में, लार्ज-कैप कंपनियां अपनी मजबूत बैलेंस शीट और पक्की मार्केट पोजीशन के कारण ज्यादा स्थिरता देती हैं। एक फ्लेक्सीकैप फंड मार्केट की स्थितियों के बदलने के साथ अपने पोर्टफोलियो को एडजस्ट करके इन दोनों ताकतों को बैलेंस करने की कोशिश करता है।

फ्लेक्सीकैप फंड्स बड़े इकोनॉमिक एनालिसिस को बॉटम-अप कंपनी रिसर्च के साथ मिलाते हैं। फंड मैनेजर ग्रोथ ट्रेंड्स, महंगाई, ब्याज दरें और वैश्विक घटनाक्रमों जैसे संकेतकों पर नजर रखते हैं। साथ ही, कंपनियों का मूल्यांकन उनके बिजनेस मॉडल, मैनेजमेंट क्वालिटी, वित्तीय ताकत, प्रतिस्पर्धी फायदे और लॉन्ग-टर्म संभावनाओं के आधार पर किया जाता है। यह मिला-जुला तरीका यह पक्का करने में मदद करता है कि निवेश को मैक्रो ट्रेंड्स और कंपनी के फंडामेंटल्स, दोनों का समर्थन मिले।

डायवर्सिफिकेशन एक और खास बात है। अलग-अलग मार्केट कैप और सेक्टर की कंपनियों में इन्वेस्टमेंट को फैलाकर, फ्लेक्सीकैप फंड किसी एक थीम पर निर्भरता कम करने का मकसद रखते हैं। हालांकि इससे मार्केट का रिस्क खत्म नहीं होता, लेकिन यह मार्केट के खास सेगमेंट में तेज गिरावट के असर को कम करने में मदद कर सकता है।

फ्लेक्सीकैप फंड उन निवेशकों के लिए सही हैं जो काफी हद तक हैंड्स-ऑफ स्टाइल पसंद करते हैं। खुद से लार्ज, मिड और स्मॉल कैप के बीच लगातार शिफ्ट होने के बजाय, निवेशक उन फैसलों के लिए प्रोफेशनल मैनेजर्स पर भरोसा करते हैं। यह खास तौर पर उतार-चढ़ाव वाले बाजार में काम आ सकता है, जहां ट्रेंड्स जल्दी बदल सकते हैं।

जिन लॉन्ग-टर्म निवेशकों में ज्यादा जोखिम लेने की क्षमता होती है, उनके लिए फ्लेक्सीकैप फंड मार्केट साइकिल में ग्रोथ में हिस्सा लेने का एक संतुलित तरीका देते हैं।

निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड के बारे में सोच सकते हैं, जो मार्केट कैपिटलाइजेशन में डायनामिकली एलोकेट करता है। 31 जनवरी, 2026 तक, इसने एक साल में 9.91 प्रतिशत सीएजीआर, तीन साल में 18.93 प्रतिशत सीएजीआर और शुरुआत (जुलाई 2021) से 15.19 प्रतिशत सीएजीआर दिया है।

## बिजनेस साइट

### फ्लेक्सीकैप फंड: लगातार बदलते और अनिश्चित मार्केट के लिए बना एक बेहतर फंड

**उज्जैन।** इक्विटी मार्केट हाल के सालों में अपने सबसे उतार-चढ़ाव वाले दौर से गुजर रहे हैं। कॉर्पोरेट आमदनी ग्रोथ धीमी हो रही है, और कुछ खास जगहों तक ही पॉजिटिव सरप्राइज मिले हैं। टैरिफ से जुड़े तनाव फिर से उभरने से इकोनॉमिक ग्रोथ में अनिश्चितता बढ़ गई है, और वाशिंगटन से आने वाले पॉलिसी संकेत और बयानबाजी ग्लोबल इक्विटी मार्केट की दिशा पर तेजी से असर डाल रही है।

यह माहौल एक बहुत ही प्रभावशाली पोर्टफोलियो अप्रोच की जरूरत को दिखाता है-एक ऐसा अप्रोच जो मुश्किल दौर में कैपिटल को बचाने के लिए मार्केट कैपिटलाइजेशन में तेजी से बदलाव कर सके और जब हालात अच्छे हों तो तेजी से अपनी जगह बदल सके।



**गोपाल कृष्ण पंड्या**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, उज्जैन

इस निवेश फिलॉसफी को दिखाने के लिए, फ्लेक्सी-कैप फंड मौजूदा मार्केट के संदर्भ में एक खास तौर पर सही विकल्प के तौर पर उभरे हैं। फ्लेक्सी-कैप फंड एक खास इक्विटी म्यूचुअल फंड कैटेगरी है जो फंड मैनेजरों को बिना किसी रेगुलेटरी एलोकेशन की रुकावट के लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में आजादी से निवेश करने की सुविधा देता है। यह फ्लेक्सिबिलिटी दूसरी इक्विटी फंड कैटेगरी से अलग है, जहां मार्केट कैपिटलाइजेशन के आधार पर एक्सपोजर की लिमिट तय होती है या उसे तय किया जाता है। उदाहरण के लिए, एक फ्लेक्सी-कैप फंड, फंड मैनेजर के मैक्रोइकोनॉमिक ट्रेंड्स, मूल्यांकन, आय स्पष्टता और बाहरी जोखिम के आकलन के आधार पर, लार्ज-कैप, मिड-कैप या स्मॉल-कैप स्टॉक्स में 0 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच कहीं भी एलोकेट कर सकता है। इसकी तुलना में, मल्टी-कैप फंड्स को लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में कम से कम 25 प्रतिशत इन्वेस्ट करना जरूरी है, जिससे बदलती बाजार परिस्थितियों पर तेजी से प्रतिक्रिया देने की उनकी क्षमता कम हो जाती है।

कैपिटलाइजेशन लिमिट न होने से फ्लेक्सी-कैप फंड मैनेजर्स को वैल्यूएशन कम्फर्ट और रिस्क-रिवॉर्ड डायनामिक्स के आधार पर पोर्टफोलियो को तालमेल में लाने में काफी ज्यादा खरीद-बेच की सुविधा मिलती है। नतीजतन, फ्लेक्सी-कैप फंड असरदार लॉन्ग-टर्म कंपाउंडर के तौर पर काम कर सकते हैं, जबकि प्योर मिड-कैप और स्मॉल-कैप रणनीति की तुलना में संभावित तौर पर कम जोखिम होता है।

खराब फेज के दौरान, फंड मैनेजर पोर्टफोलियो को लार्ज-कैप स्टॉक्स की ओर ज्यादा झुका सकते हैं, जो आमतौर पर मजबूत बैलेंस-शीट और स्थिर कैश-फ्लो के कारण झटका झेलने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होते हैं। इसके उलट, जब इक्विटी की हालत बेहतर होती है, तो मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में ज्यादा एलोकेशन से बेहतर ग्रोथ और कंपाउंडिंग के मौके मिल सकते हैं।

इस तरह, बदलते और अनिश्चित मार्केट माहौल में, फ्लेक्सीकैप फंड लंबे समय के इक्विटी निवेशकों के लिए एक मजबूत कोर एलोकेशन का काम करते हैं। ऐसा ही एक विकल्प आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड है, जो टॉप-डाउन और बॉटम-अप निवेश को जोड़ता है, और इसमें मार्केट कैपिटलाइजेशन में एलोकेट करने की फ्लेक्सिबिलिटी होती है। 31 जनवरी, 2026 तक, इसने एक साल में 9.91 प्रतिशत सीएजीआर, तीन साल में 18.93 प्रतिशत सीएजीआर और शुरुआत (जुलाई 2021) से 15.19 प्रतिशत सीएजीआर दिया है।

### बैठक कर समाज हित में लिए निर्णय

**सीहोर।** शिवरात्रि के अवसर पर संत शिरोमणि रविदास मंदिर पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीहोर, शाजापुर, रायसेन, विदिशा, भोपाल जिले के लोग शामिल हुए। समाजिक लोगों ने समाज के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। राम सिंह भारती और समाज के वरिष्ठ जनों ने गरीब परिवारों की मदद के लिए जो प्रण लिया है, वह सराहनीय है। बैठक के दौरान समाज में किसी का निधन होने पर अंत्येष्टि के लिए 1100 की राशि- गरीब परिवारों को 25 किलो आटा, 5 किलो मीठा तेल, नमक, हल्दी, मिर्ची- रसोई घाटे में कपड़े प्रथा बंद करने का निर्णय लिया गया। यह पहल समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देगी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि प्रहलाद सिंह मालवीय पिता भागचंद जी मालवीय तथा श्रीमती अंजु मालवीय पति प्रहलाद सिंह ने अपने स्वामित्व के भूखण्ड क्रमांक 289 E.W.S.B बाबा बैजनाथ नगर, कोटा रोड, आगर से संबंधित दस्तावेज क्रमांक MP512812021A1574869 दिनांक 14-07-2021 जो कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल उज्जैन द्वारा गिरधारीलाल मालवीय पिता रोडमल मालवीय को लीज पर दिया गया था उक्त पंजीकृत दस्तावेज (रजिस्ट्री) गुम हो गई है तथा ढुंढने पर नही मिलने पर पुलिस थाना आगर में दस्तावेज के गुम होने की सूचना दिनांक 16-02-2026 को दी गई है, मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को युको बैंक में बंधक रख ऋण प्राप्त कर रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर लिखित में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में जमा करें, बाद सूचना के कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार के द्वारा बंधक कि गई स्मपत्ति पर किसी प्रकार का दावा करता हैं तो उसको होने वाली हानि की जवाबदारी उसकी स्वयं की होंगी।

**आदर्श जैन** एडवोकेट
कार्यालय:- तोमर कंप्यूटर गली, सारंगपुर रोड, छावनी नाका, आगर मालवा- 465441 (म.प्र.)
मो: 8770272100, 9425083217

### मंडी क्षेत्र में शुरू होगा 15 करोड़ से सीवेज-2.0 कार्य, नपाध्यक्ष ने निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**सीहोर।** शहर के बढियाखेड़ी के पश्चात अब मंडी क्षेत्र में भी करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सीवेज कार्य का भूमि पूजन का श्री गणेश किया। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मंडी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रवासी से कराते हुए कहाकि कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए। इसके अलावा जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पार्षद विशाल राठौर, दिलीप राठौर, मुकेश मेवाड़ा, सपना मालवीय, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, राजेश मांझी, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, राहुल राय आदि शामिल थे। गौरतलब है कि शहर के बढ़यािखेड़ी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन किया गया था, इसके तत्काल बाद से तेजी से कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण एजेंसी के द्वारा क्षेत्र में 28 किलोमीटर की सीवेज लाइन डाली जानी है। नए साल की शुरूआत में शहर के एक बड़े हिस्से में सीवेज का कार्य किया जाएगा। इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है। तेजी रफ्तार से सीवेज कार्य पूर्ण किया जाएगा। बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद करोड़ों रुपए की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। सीवेज का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बढ़यािखेड़ी में अनेक सड़कों का निर्माण कार्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगामी दिनों में इन क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा साथ ही सीवेज का कार्य मंडी में भी तेजी से किया जाएगा।

## शहर के दानवीरों ने संपन्न कराया निर्धन कन्या का विवाह

# उपहार में दे दिया घर-गृहस्थी का पूरा सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दानवीरों ने निर्धन कन्या का विवाह संपन्न कराया। काशी विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बा में कार्यक्रम हुआ। भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी की प्रेरणा से दानवीरों ने 1 घंटे में ही कन्या को उपहार में देने के लिए गृहस्थी का पूरा सामान जुटा लिया। शिवरात्रि महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। राधे परिवार सेवा समिति सीहोर के द्वारा पांचवीं बार निर्धन कन्या का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया।



भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी के सानिध्य में शिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के रूप में ही कस्बा सीहोर निवासी जमुना प्रसाद कुशवाहा की पुत्री वधू स्वाति और ग्राम चोटीपुरा तहसील बेरसिया जिला भोपाल निवासी कांता प्रसाद कुशवाहा के पुत्र सुनील का विवाह शिव के रूप में ही संपन्न कराया गया। भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी ने बताया कि राधे परिवार सेवा समिति काशी विश्वनाथ मंदिर कस्बा के द्वारा बीते 5 वर्षों से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर निर्धन जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का विवाह कराया जाता है शहर के दानदाता प्रतिवर्ष खुले हाथों से कन्यादान करते हैं। इस वर्ष भी कन्या को उपहार स्वरूप डबल बेड कूलर फ्रिज पंखा टीवी वाशिंग मशीन, पायल, बिछुड़ी, टीका बर्तन सहित अन्य सामग्री दाताओं के द्वारा प्रदान की गई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वर वधू पक्ष के रिश्तेदार दानदाता और श्रद्धालुजन सम्मिलित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की अहम बैठक आज

**देवास।** देवास जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा प्रभारी जगदीश चौहान (पूर्व जिला पंचायत सदस्य आष्टा) के प्रथम देवास आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक 18 फरवरी को दोपहर 12:25 बजे सर्किट हाउस, देवास में संपन्न होगी। जिला पंचायत सदस्य बनेसिंह अस्ताया एवं पूर्व संयोजक मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग संजय रेकवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष (अनुसूचित जाति विभाग, देवास) की नियुक्ति को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही संभावित दावेदारों से बायोडाटा एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। बैठक में अनुसूचित जाति विभाग के संगठन सुदृढ़ीकरण, भावी रणनीति निर्धारण एवं नेतृत्व चयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मंथन होगा।

### आरटीओ ने कार्रवाई कर बिना दस्तावेज के 12 मैजिकों को किया जब्त

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा सख्ती के साथ जांच अभियान चलाकर देवास शहर में बिना दस्तावेज मैजिक वाहनों पर कार्यवाही की गई। मैजिक वाहनों में बीमा, फिटनेस, पीयूसी, परमिट की जांच कर 12 मैजिक वाहनों में दस्तावेजों की कमी पाई जाने पर मैजिक जप्त कर आरटीओ कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया।

### शर्मा का किया स्वागत

**बागली।** अभिभाषक संघ बागली के निर्वाचन में युवा प्रतिभाशाली अधिवक्ता कमलेश शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। अभिभाषक संघ के 173 सदस्यों के मध्य निर्विरोध अध्यक्ष बनना गौरवशाली एवं प्रेरक आदर्श परंपरा का उदाहरण है। वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य प्रकाश गुप्ता, प्रवीण चौधरी युवा अधिवक्ता मयंक गुप्ता ने बागली अभिभाषक संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष कमलेश शर्मा एवं उनके पिता समाजसेवी बालकृष्ण शर्मा का स्नेहिल स्वागत किया।

## खिवनी अभयारण्य में खुशखबरी: बाघिन मीरा ने तीन शावकों को दिया जन्म

# ट्रैप कैमरे में कैद हुए नन्हें मेहमान अभयारण्य में बाघों की संख्या बढ़ी

### अभयारण्य की बाघिन मीरा ने दिया तीन शावकों को जन्म दिया, ट्रैप कैमरों में तीनों शावक शिकार खाते दिए दिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के खिवनी वन्य प्राणी अभयारण्य से वन्यजीव प्रेमियों के लिए सुखद समाचार सामने आया है। अभयारण्य की बाघिन मीरा ने तीन शावकों को जन्म दिया है। हाल ही में लगे ट्रैप कैमरों में तीनों शावक शिकार खाते हुए दिखाई दिए, जिससे वन विभाग ने उनकी स्वस्थ स्थिति की पुष्टि की है।जानकारी के अनुसार बाघिन मीरा पिछले कई महीनों से असामान्य रूप से सतर्क नजर आ रही थी और लगातार एक सीमित क्षेत्र में विचरण कर रही थी। इससे संकेत मिल रहे थे कि वह शावकों की सुरक्षा में लगी है। हाल ही में एक जल स्त्रोत के पास दिन के समय बाघिन अपने शावकों के साथ दिखाई दी। इसके बाद रात्रि में बाघ युवराज और बाघिन मीरा तीनों शावकों के साथ ट्रैप कैमरे में कैद हुए।अभयारण्य अधीक्षक विकास माहोरे ने बताया कि अभयारण्य में पूर्व से ही 6 बाघों की उपस्थिति दर्ज है। अब तीन नए शावकों के आगमन से बाघों का कुनबा और मजबूत हुआ है। प्रबंधन द्वारा विशेष निगरानी की जा रही है। शावक अभी बाघिन के साथ ही विचरण कर रहे हैं और काफी सतर्कता बरती जा रही है। लगातार मां के साथ रहने और कैमरों के पास न आने के कारण अभी तक तीनों शावकों के लिंग की पुष्टि नहीं हो सकी है।करीब 134.77 वर्ग किलोमीटर में फैला यह अभयारण्य जिले के अंतिम छोर पर स्थित है और बाघों के प्राकृतिक आवास के रूप में जाना जाता है। वर्ष 1955 की अधिसूचना के अनुसार यह मध्यप्रदेश का पहला अधिसूचित अभयारण्य माना जाता है। यहां तेंदुआ, भालू, लकड़बग्घा, लोमड़ी, चीतल, नीलगाय, चौसिंगा और जंगली सुअर सहित अनेक वन्यप्राणी प्राकृतिक वातावरण में निवास करते हैं।ग्रीष्म ऋतु के चलते वन्यप्राणी जल स्त्रोतों के आसपास अधिक सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में गश्ती के दौरान वन अमले को एक बाघ गर्मी से राहत पाने के लिए मार्ग पर बैठा हुआ नजर आया। वन क्षेत्र विस्तृत और पहाड़ी होने के कारण पर्यटकों को बाघ के प्रत्यक्ष दर्शन कम ही हो पाते हैं, हालांकि वन कर्मचारियों को गश्त के दौरान कई बार बाघ दिखाई दे जाता है।शावकों के जन्म से अभयारण्य के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है और वन विभाग इसे संरक्षण की दिशा में सकारात्मक संकेत मान रहा है।

# दसवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू 101 परीक्षा केंद्रों पर 23 हजार से ज्यादा छात्र दे रहे परीक्षा

### कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई हैं। जिले में भी छात्र-छात्राएं उत्साह और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। पहले दिन मंगलवार को अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र था। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों के चेहरे खिले हुए थे, उन्होंने बताया कि पेपर अपेक्षाकृत आसान रहा। अब विद्यार्थी अपने अगले विषय संस्कृत की तैयारी में जुट गए हैं।परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1 परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले के सभी 101 केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और पुलिस बल तैनात रहा। शिक्षा विभाग के अनुसार, जिले में कुल 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर नियमित और प्राइवेट मिलाकर कुल 23,966 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी के जरिए कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों की टीम भी जिलेभर में सक्रिय रही।जिले में पहले दिन की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई।

# सांदीपनी स्कूल बागली में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण किए वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

सांदीपनी स्कूल बागली में जिला स्तरीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान की समावेशित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहायक संचालिका प्रिया भानपुरिया, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, प्राचार्य प्रकाश डाबी, बीआरसी कय्यूम बनारसी, एडवोकेट प्रवीण चौधरी, गोविंद यादव सहित जनपद शिक्षा केंद्र एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 41 दिव्यांग बच्चों को कुल 61 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 6 बच्चों को सीपी चेयर, 14 को व्हीलचेयर, 9 को श्रवण यंत्र, 1 छात्रा को रोलैटर, 8 बच्चों को कैलीपर तथा 14 बच्चों को टीएलएम किट प्रदान की गई। शिविर में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षक योगेश तिवारी ने किया तथा आभार जनपद शिक्षा केंद्र बागली के प्रफुल्ल द्विवेदी ने माना।

# प्रदेश सह प्रभारी की उपस्थिति में हुई कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कांग्रेस पार्टी में काम करने वाला हर व्यक्ति पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। कोई भी पद छोटा-बड़ा नहीं होता है। जो पार्टी में काम कर रहा है, वह महत्वपूर्ण है। हमारे लिए पद नहीं, काम महत्वपूर्ण होना चाहिए। उक्त विचार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त ने मंगलवार को आयोजित कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहे। इसी के साथ कहा कि हमने जो वार्ड कमेटियां बनाई हैं, साथ ही कांग्रेस की जो कार्यकारिणी बनना है, उन सबके लिए हमें प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना है, प्रशिक्षित करना है। वहीं बीएलए-2 को भी प्रशिक्षित करना है। इसी के साथ दत्त ने कहा कि 22 तारीख को मतदाता सूची का प्रकाशन हो रहा है। उसमें हमें पूरी मुस्तैदी के साथ निरीक्षण करना है। जो मतदाता छूट गए हैं, उनके नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है। यह काम बहुत ही प्राथमिकता और जवाबदारी के साथ करना है। समन्वय समिति में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही कांग्रेस भवन का काम प्रारंभ होगा, जिसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। सर्वप्रथम शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी ने संजय दत्त, जिला प्रभारी सदाशिव यादव, अजीत सिंह, सुभाष चौहान का स्वागत किया एवं कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा, मनोज राजानी, जय सिंह ठाकुर, शौकत हुसैन, रोशन रायकवार, जितेंद्र गौड़, विक्रम मुकाती, ज्ञान सिंह दरबार, संतोष मोदी, राहुल पवार, रुपेश कल्याने, इशान राणा, प्रतीक शास्त्री, हर्ष प्रताप सिंह गौड़, अविनाश जेठवा सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# सड़क के गड्ढों में बेसरम के पौधे लगाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



उज्जैन रोड ब्रिज और पूरे उज्जैन रोड पर बढ़ते गड्ढों व अधूरी खुदाई से परेशान आमजन की आवाज़ बुलंद करते हुए पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पंवार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल और स्थानीय नागरिकों ने अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उज्जैन रोड ब्रिज पर बने गड्ढों में बेशर्म के पौधे लगाकर और चूने की लाइन खींचकर पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। प्रदर्शन के दौरान कहा गया कि नगूखेड़ी से शुरू की गई खुदाई कई दिनों से अधूरी पड़ी है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खुदाई के बाद सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो गई है। वहीं उज्जैन रोड ब्रिज पर गहरे गड्ढों के कारण सरिए तक बाहर आ गए हैं, जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। राहुल पंवार ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता धूल, गड्ढों और जाम की समस्या से जूझ रही है। उन्होंने स्थनीय बीमा रोड पर हो रहे गड्ढे व धूल से परेशान जनता की परेशनी को देखते हुए निगम प्रशासन की मौखिक स्वीकृति पर भी सवाल उठाए। निगम प्रशासन की मौखिक स्वीकृतियों पर भी सवाल उठाते हुए शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की। यदि शीघ्र हीं निराकरण नहीं होता है तो उग्र आंदोलन कर पीडब्लूयुडी के कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि प्यारे पठान, आबिद खान, दीपेश कानूनगो, वसीम हुसैन, दुष्यंत पांचाल, मुकेश झारे वाले, रवि देवड़ा, जितेंद्र मालवीय, लोकेश गोस्वामी, सूरज बघेल, सोनू सिंधानिया, जयंत पाठक, धर्मेंद्र चंदेल, रूपेश पटेल, सुमित चौहान, सचिन राजपूत, आयुष पटेल एवं विनय राठौड़ सहित नागरिक उपस्थित रहे।

# एडीएमपी का पदग्रहण समारोह संपन्न, डॉ. देवकर, डॉ.आनंद और डॉ. कोठारी ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




एसोसिएशन ऑफ देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर्स का पदग्रहण समारोह शहर के एडिशनल एस.पी. जयवीरसिंह भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी डॉ. आर.एस. दुबे ने बताया कि मुख्य अतिथि भदौरिया का स्वागत अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी एवं डॉ. अनुराधा देवकर व डॉ. के.सी.कोठारी ने किया।

डॉ. मुग्धा कुलकर्णी व डॉ. अनुराधा देवकर का सम्मान डॉ. अंजुम गजधर एवं डॉ. आशा लाड ने किया। डॉ. कुलकर्णी ने शब्दों से स्वागत करते हुए कार्यकाल की उपलब्धियां बताई व सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल में भाग लेने वाले सदस्यों एवं बच्चों को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया। सचिव डॉ. वरूण आनंद ने गत वर्ष के कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। निवृत्तमान अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अनुराधा देवकर को अध्यक्षीय कॉलर पहनाकर अपना कार्यभार सौंपा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. देवकर ने सभी का अभिवादन करते हुए संक्षिप्त में संस्था की जानकारी दी व वर्ष 2026 की कार्यकारिणी का परिचय करवाते हुए इस वर्ष होने वाले प्रकल्पों के बारे में अतिथि व समस्त सदस्यों को बताते हुए कहा कि हम सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा समाज व चिकित्सकों के हित में कुछ ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता देंगें। मुख्य अतिथि भदौरिया ने अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यो की प्रशंसा करते हुए नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं व बधाई दी व अपने विभाग की और से सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। संस्था की और से मुख्य अतिथि भदौरिया को संस्था की और से डॉ. आर.एस. दुबे ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. एम.एल. श्रीवास्तव, डॉ.प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. आर.एल.वर्मा, डॉ. इंदरजीतसिंह अरोरा, डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ. मजहर शेख, डॉ. प्रमोद माहेश्वरी, डॉ. सुलभा रानी, डॉ. पुनीत माहेश्वरी, डॉ. प्राची माहेश्वरी, डॉ. रूपल श्रीवास्तव, डॉ. सुनील लाड़, डॉ. राजसी केलकर, डॉ. नितिन डोर, डॉ. शाम्भवी देवकर, डॉ. नेहा आनंद, डॉ. हरमितसिंह सलूजा, डॉ. नीरज खरे, डॉ. संध्या खरे, डॉ. प्रसन्ना कुलकर्णी, डॉ. अमितसिंह भाटी, डॉ. अशोक सेंधव आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ. वरूण आनंद ने किया तथा आभार डॉ. सीमा कोठारी ने माना।

## जनगणना कार्य के लिए चार्ज ऑफिसरों की हुई बैठक

# कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जनगणना कार्य के लिए चार्ज ऑफिसरों की हुई बैठककलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में दिया प्रशिक्षण देवास। जिले में जनगणना कार्य के लिए चार्ज ऑफिसरों को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर संजीव जैन, डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय, जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश से विशेष रूप से उपसंचालक राजेश मौर्य, संदीप घोरे तथा सोनिका गर्ग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि इस पूरे कार्य में डिजिटल दक्षता अत्यंत आवश्यक है तथा समस्त कार्य डिजिटल माध्यम से ही किए जायेंगे, इसलिए सभी अच्छे से प्रशिक्षण लें। उन्होंने निर्देश दिए कि हाउस लिस्टिंग के दौरान कोई भी मकान, भवन या ढांचा छूटना नहीं चाहिए। एचएलओ में केवल सामान्य परिवार तथा संस्थागत परिवार को ही शामिल किया जाएगा। प्रत्येक भवन/जनगणना मकान को क्रम से नम्बरिंग प्रदान की जाएगी। जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश से विशेष रूप से उपसंचालक राजेश मौर्य, संदीप घोरे तथा सोनिका गर्ग द्वारा जनगणना कार्य के संबंध में चार्ज ऑफिसरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना का यह प्रशिक्षण चार दिवसीय होगा। जनगणना कार्य का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें प्रथम चरण के रूप में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस किया जाएगा। यह कार्य पूर्णतः एचएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, ऐप का उपयोग एवं संबंधित दिशा-निर्देश विस्तार से समझाए गए। प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना में स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध है, जिसमें उत्तरदाता स्वयं परिवार के लिए जनरेट होने वाले विशेष आईडी के माध्यम से वेब पोर्टल पर अपना जनगणना फॉर्म भर सकता है। इस दौरान बताया गया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर दस्तक देकर शासन द्वारा अधिसूचित प्रश्नावली के अनुसार जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, धारित परिसंपत्ति तथा अन्य संबंधित जानकारी शामिल है। यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं डिजिटल रूप से संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षक पूर्ण निष्ठा एवं सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# गौ माता के महत्व को बताने आयोजित हो रही गौ विज्ञान परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत व्दारा गौ सेवा गतिविधि के मुख्य लक्ष्य को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। भारतीय नस्ल की कामधेनु गौ माता का पूर्ण धार्मिक महत्व एवं गौ माता का वैज्ञानिक महत्व, गौ माता के पंचगव्य से मनुष्य की चिकित्सा होती है। सभी रोग ठीक होते हैं और मनुष्य दीर्घायु होता है। उक्त उपयोगिता को लेकर परीक्षा आयोजित की जा रही है।

सेवा संयोजक प्रभुलाल पाटीदार ने बताया कि धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व कि जानकारी सब को मिले इस के निमित्त गौ विज्ञान पुस्तिका छपाई गई है। मालवा प्रांत गौ सेवा गतिविधि की ओर से गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते संघ कन्नौद जिले में गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित करवा रहा है। अनेक विद्यार्थी इसमें भाग ले रहे हैं। गौ आधारित खेती गाय के गोबर गोमूत्र से की जाती है। विश्व मंगलकारी कामधेनु गौ माता संपूर्ण जगत को सुखी स्वस्थ व समृद्धशाली बनाती है। इन सभी उद्देश्यो को लेकर परीक्षा आयोजित कि जा रही है। संघ कन्नौद जिले के बागली खंड में गत दिनों गौ विज्ञान परीक्षा संस्कृत पाठशाला बागली एवं डेजी डेल्स हायर सेकेंडरी स्कूल बागली, ज्ञानस्थली स्कूल बागली के बच्चों ने भाग लिया। उक्त आयोजन जिला गौ सेवा संयोजक प्रभु लाल पाटीदार, बागली खंड गौ सेवा संयोजक दिनेश पाटीदार की उपस्थिति में अलग-अलग स्थानों पर गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मंदिर से लौट रहे युवक पर लाठी-डंडों से हमला चार पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम उमरिया में मंदिर से घर लौट रहे एक युवक के साथ गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उमरिया निवासी जयपाल राजा पुत्र स्व.स्वरूप लोधी ने थाना नाराहट में दी गई शिकायत में बताया कि 15 फरवरी 2026 की शाम करीब 8 बजे वह मंदिर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लखिम राजा पुत्र जाहर लोधी (निवासी ग्राम चारोदा, थाना मालथौन, जिला सागर), धर्मेंद्र राजा पुत्र प्यारे राजा, राजासाहब पुत्र नन्नू राजा एवं रामू पुत्र विंदे (सभी निवासी ग्राम उमरिया) मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे जयपाल राजा को शरीर में चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 115(2), 352 व 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, धमकाया थाने में मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के मुहल्ला बड़ापुरा में घर में घुसकर महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने क गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कस्बा निवासी अर्जुन पुत्र रमन साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे उनकी पत्नी घर पर थीं। इसी दौरान मोहल्ले का एक व्यक्ति घर में घुस आया और महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। शोर सुनकर जब अर्जुन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार आरोपी दबंग प्रवृत्ति का है और पूर्व में भी उसके विरुद्ध शिकायतें की जा चुकी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 16 फरवरी 2026 को एफआईआर संख्या 0029/2026 दर्ज की है। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 333, 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत कार्रवाई की गई है।

### घर के सामने गाली-गलौज व जान लेने की धमकी, नामजद पर केस

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पाचौनी में पड़ोसी द्वारा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पाचौनी निवासी सतीश सेन (42) पुत्र घनश्याम ने कोतवाली में दी गई लिखित शिकायत में बताया कि 15 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे उनके पड़ोसी अनिल पुत्र शीलचंद्र राठौर ने बिना किसी कारण उनके घर के सामने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना से भयभीत होकर पीड़ित ने अगले दिन थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 352 व 351(3) के तहत मुकदमा संख्या 0172/2026 दर्ज किया है।

**नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप**

ललितपुर। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री 16 फरवरी 2026 की रात करीब 10.30 बजे घर पर थी। इसी दौरान बड़ापुरा निवासी युवक राजीव नाम का युवक उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया। पीड़िता की मां ने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की।

---

### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में टॉप पर रहा ललितपुर, डीएम के निर्देश

# कम प्रगति पर फटकार, अगले माह में सुधार करने का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के दूरदर्शी नेतृत्व के परिणाम स्वरुप मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में ललितपुर ने प्रदेश के अन्य जिलों को पछाड़ते हुए पहला स्थान पाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, यह उपलब्धी प्रत्येक जनपदवासी को गौरान्वित करने वाली है। इस उपलब्धी को आगे भी बरकरार रखने के लिए जिलाधिकारी ने मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की।

उन्होंने जहां प्रगति में सुधार करने वाले विभागों की सराहना की तो वहीं खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को भी फटकार लगायी। समीक्षा के दौरान ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की खराब प्रगति पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को नाराजगी जाहिर करते हुए अगले माह में प्रगति सुधारने के निर्देश दिये, साथ ही नगर में पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट गिन्नोटबाग में प्राचीन वृक्षों के संरक्षण में लापरवाही पर पर्यटक अधिकारी से नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी ने सीएमआईएस पोर्टल व जनपद के विकास कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिये कि सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए प्रथम स्थान को आगे भी बरकरार रखें। बैठक में बताया कि रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई सहित अन्य विभागों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, सीवीओ डॉ भगवान सिंह, बीएसए रणवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, डीडी एग्रीकल्चर, जिला कृषि अधिकारी, एडीएसटीओ अजयवीर सिंह के साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत आदि विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।

---

### दुकान हटाने की उठी मांग

## शराब दुकान से बिगड़ा गांव का माहौल, लोगों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के ग्राम सतगता में स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। दुकान खुलने के बाद गांव की शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां आए दिन शराबियों की भीड़ जुटती है, जिससे गाली-गलौज, झगड़े और अश्लील हरकतों की घटनाएं बढ़ गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। नशे में धुत लोग राहगीरों से अभद्रता करते हैं, कई बार मारपीट तक की नौबत आ जाती है। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को घर से निकलने में डर लगने लगा है। गांव के रास्तों पर अराजकता का माहौल बन जाता है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थिति से आक्रोशित महिलाओं और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजते हुए शराब की दुकान को आबादी से दूर स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए त्वरित कदम उठाने की अपील की है, ताकि गांव में पुनः शांति, सुरक्षा और मर्यादित वातावरण बहाल हो सके।

---

### सदर विधायक का दमदार भाषण

## विधानसभा में गूंजा बुंदेलखंड ललितपुर को प्रदेश का प्रवेश द्वार बताकर विकास पर बड़ी बहस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने प्रभावशाली और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वक्तव्य देते हुए ललितपुर एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ सदन के केंद्र में ला दिया। उनके भाषण ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब सीमावर्ती क्षेत्रों की आवाज विधानसभा में और अधिक ताकत के साथ गूंज रही है। विधायक ने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों और विकास का संकल्प है। उन्होंने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी का आभार व्यक्त करते हुए बजट को समग्र विकास का रोडमैप बताया।

**बड़ा राजनीतिक संदेश: ललितपुर आखिरी जिला नहीं, उत्तर प्रदेश का मुख्य प्रवेश द्वार :** सदन में बोलते हुए विधायक ने कहा कि ललितपुर को सीमावर्ती नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जनपद के रूप में देखा जाना चाहिए। मध्यप्रदेश से लगी सीमाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने क्षेत्रीय विकास को प्रदेश की प्रगति से सीधे जोड़कर प्रस्तुत किया। वही विधायक ने विकास का मजबूत एजेंडा — सड़क, सेतु और कनेक्टिविटी पर फोकस करते हुए विधायक ने बजट में सड़क एवं सेतु निर्माण के लिए हुई बड़ी वित्तीय व्यवस्था का स्वागत करते हुए सदन में कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं—

#### जखौराझ्रतालबेहट संपर्क मार्ग का उच्चीकरण

- दैलवारा से अमरपुर मंडी तक हाईवे कनेक्टिविटी
- रेलवे स्टेशन दैलवारा पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण
- ललितपुर नगर में इनर रिंग रोड का निर्माण, जिससे देवगढ़, राजघाट एवं जखौरा मार्ग सीधे राष्ट्रीय राजमार्गझ्र44 से जुड़ सकें
- शहजाद नदी पर पंचमुखी हनुमान मंदिर, बार बांसी मार्ग और पारौन हजारिया मार्ग (किमी-3) पर तीन दीर्घ सेतुओं का निर्माण

#### सदन में क्षेत्रीय सम्मान और गौरव को ध्यान में रखते हुए विधायक ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे—

- देवगढ़ मार्ग पर सेतु निगम द्वारा निर्मित रेलवे ओवरब्रिज का नाम ह्लमहाराजा छत्रसाल सेतुह्व रखा जाए।
- शहजाद नदी पर निर्माणाधीन दीर्घ सेतु का नाम ह्लभारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सेतुह्व रखा जाए।
- इन प्रस्तावों को क्षेत्रीय इतिहास और राष्ट्रीय नेतृत्व को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

#### शिक्षा, तकनीकी संस्थान और युवाओं पर विशेष जोर

विधायक ने कहा कि सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विकासखंड तालबेहट की ग्राम पंचायत पूरा कला में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने मांग रखी—

- ललितपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना
- युवाओं की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना

अपने संबोधन में विधायक ने करकरावल कॉरिडोर, देवगढ़ किला, दशावतार मंदिर, बेतवा तट, गोविंद सागर बांध, राजघाट बांध क्षेत्र एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर को जोड़कर बुंदेलखंड धार्मिक एवं विरासत पर्यटन सर्किट विकसित करने का प्रस्ताव रखा।

---

### एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

## उर्वरक सब्सिडी नीति में सुधार की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने उर्वरक सब्सिडी नीति में सुधार, यूरिया के संतुलित उपयोग और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर देश के प्रधानमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से एसोसिएशन ने वर्तमान उर्वरक मूल्य संरचना में व्याप्त असंतुलन पर चिंता जताते हुए कहा है कि सस्ते यूरिया और महंगे एनपीके/डीएपी उर्वरकों के कारण किसान मजबूरी में यूरिया का अत्यधिक प्रयोग कर रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एसोसिएशन के अनुसार वर्तमान में 45 किलोग्राम यूरिया की कीमत मात्र 266 है, जबकि एनबीएस नीति के चलते एनपीके ग्रेड उर्वरकों की कीमत 2100 प्रति 50 किलोग्राम तक पहुंच गई है। इस बड़े मूल्य अंतर के कारण मिट्टी अम्लीय हो रही है और सूक्ष्म पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं, जो दीर्घकाल में कृषि उत्पादन के लिए घातक है।

#### यूरिया गोल्ड मॉडल का प्रस्ताव

ज्ञापन में एक क्रांतिकारी समाधान सुझाते हुए सल्फर कोटेड यूरिया (यूरिया गोल्ड) और जिंक युक्त यूरिया को बढ़ावा देने की मांग की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, इन्हें 500 प्रति 40 किलोग्राम की दर से चरणबद्ध तरीके से बाजार में लाया जाए तथा वर्तमान नाइट्रोजन आधारित यूरिया का उत्पादन हर वर्ष 20 प्रतिशत घटाया जाए। साथ ही, यूरिया पर बचने वाली सब्सिडी को एनपीके और डीएपी उर्वरकों की ओर स्थानांतरित कर उनकी कीमत क्रमशः अधिकतम 1500 और 1350 प्रति 50 किलोग्राम तय करने की मांग की गई है, जिससे किसानों को संतुलित पोषण मिल सके और सरकारी बजट पर अतिरिक्त बोझ भी न पड़े।

#### मृदा व पर्यावरण के लिए लाभकारी

एसोसिएशन ने बताया कि वैज्ञानिक शोधों के अनुसार सल्फर कोटेड यूरिया एक स्लो-रिलीज उर्वरक है, जिससे मिट्टी की खराबी में 25 से 30 प्रतिशत तक कमी आती है। इसकी उपयोग क्षमता 50 से 60 प्रतिशत तक होती है, जबकि सामान्य यूरिया की क्षमता मात्र 30 से 40 प्रतिशत रहती है। इसके अलावा, यह भूजल प्रदूषण को भी रोकने में सहायक है।

#### नीतिगत स्पष्टता की मांग

ज्ञापन में उर्वरक कंपनियों द्वारा एक ही ग्रेड के अलग-अलग मूल्य तय किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से पुनः प्रत्येक ग्रेड की अधिकतम खुदरा कीमत तय करने और पोटाश की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण करने की मांग की है, जिससे गन्ना जैसी फसलों की पैदावार प्रभावित न हो। अंत में जिला अध्यक्ष महेश जैन मोनू ने प्रधानमंत्री से इस विषय पर प्रत्यक्ष भेंट कर जमीनी समस्याओं और समाधानों पर विस्तार से चर्चा करने का समय देने की अपील की है।

---

## भाजपा का शोकसभा आयोजन

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव एवं पार्षद रमेश गांधी की पूज्यनीय माता प्रेम बाई श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं इस पवित्र आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया।शोकसभा में वक्ताओं ने उन्हें परोपकारी, धार्मिक और विदुषी महिला वताया। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी,निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला,बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, रमेश कुमार खटीक,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, डा राजकुमार जैन,जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, धर्मेन्द्र पाठक,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, गौरव गौतम, डा दीपक चौबे, अशोक रावत ,प्रभाकर शर्मा, शशिशेखर पाण्डेय, राजेश लिटौरिया, अजय जैन साईकिल,धर्मेन्द्र गोस्वामी, अनुराग जैन शैलू, भगतसिंह राठौर,मनीष पार्षद,ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, मनीष सड़ैया, अवतार सिंह लोधी, मनोज खटीक,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, किंजल्क हुड्डैत,जगभान सिंह लोधी, अरविंद सिंघई, सचिन साहू आदि उपस्थित रहे।

---

### महादेव मंदिर पर हुआ कन्याभोज भंडारा

## महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक एवं अखंड संकीर्तन से गुंजायमान हुआ ग्राम तेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम तेरा में शिवरात्रि महा पर्व पर महादेव बाबा मंदिर पर अखण्ड संकीर्तन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जो चौबीस घंटे ऊँ नमः शिवाय महामंत्र का उच्चारण कर समापन हुआ। समापन के अवसर पर संपूर्ण ग्राम की कन्याओं का कन्या भोज भंडारा किया गया। इस दौरान सभी ने महाशिवरात्रि धूम धाम से मनाई गई। सभी लोगों ने महादेव के जयकारे लगाकर गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से सुरेश सिंह, रामसिंह, जगभान सिंह, भगवत सिंह बैस, भूपेंद्र सिंह, सुखपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, शैतान राजा, महावीर सिंह, लोकपाल सिंह, रामू राजा, जानकी, रामकिशन नामदेव, बब्बू राजा, गोरेलाल, शिव प्रसाद, चंद्रभान कुशवाहा, चंद्रपाल सिंह, बड़े राजा, पंकज राजा, मोनू राजा, बबलू, गुडकू सेन आदि उपस्थित रहे।



---

### बहन के ससुराल पक्ष पर आरोप

## नाबालिग भाई की आत्महत्या मामले में प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक युवक की मौत के बाद उसकी बहन ने अपने ससुराल पक्ष पर मानसिक प्रताडऩा का गंभीर आरोप लगाया है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाना कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके भाई हर्षित उर्फ चिन्टू का शव 16 फरवरी 2026 को गोविंद सागर बांध में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था मृतक का शव तैरता हुआ बांध के किनारे आ गया मिला था घूमने वालों ने देखा तो उसकी सूचना पुलिस को दी थी मृतक बीते करीब आठ दिनों से मानसिक तनाव में था और लगातार परिवार को बता रहा था कि अजयगढ़ (जिला पन्ना, मध्यप्रदेश) निवासी लोकेश कुमार मांझी पुत्र जगदीश प्रसाद रैकवार और उसके परिजनों द्वारा उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी पक्ष द्वारा बार-बार धमकाने और भविष्य बर्बाद करने की बात कहने से हरषित गहरे अवसाद में चला गया था। परिजन उसे समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन मानसिक दबाव के चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि लोकेश कुमार मांझी और उसके परिजनों की प्रताडऩा के कारण ही उसके भाई ने अपनी जीवन लीला समाप्त की।

---

### महरौनी की मण्डी में घोटाला, पद पर रहते हुए अनैतिक रूप से मनमानी कर किया घालमेल

# 1.26 करोड़ के गबन का मामला दर्ज, पूर्व मंडी निरीक्षक पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महरौनी कृषि उत्पादन मंडी समिति में करोड़ों रुपये के कथित गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली महरौनी पुलिस ने मंडी समिति के सचिव की तहरीर पर पूर्व मंडी निरीक्षक/प्रभारी सचिव गिरजेश कुमार तिवारी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 409 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। मामला वर्ष 2019 से 2024 के बीच का बताया जा रहा है, जिसमें सरकारी धन के दुरुपयोग और अभिलेखों के गायब होने के आरोप हैं। मंडी समिति सचिव अनूप सिंह यादव द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार गिरजेश कुमार तिवारी को 08 जुलाई 2019 को महरौनी मंडी समिति में प्रभारी सचिव के पद पर तैनात किया गया था। आरोप है कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने मंडी समिति के खातों और लेन-देन में अनियमितताएं कीं। विभागीय ऑडिट रिपोर्ट (वर्ष 2019-20 से 2022-23) में कुल एक करोड़ छब्बीस लाख इकहत्तर हजार नौ सौ सत्तर रुपये की वित्तीय अनियमितता/गबन सामने आया।

#### बार-बार नोटिस के बावजूद नहीं दिया जवाब

ऑडिट में गड़बड़ी उजागर होने के बाद मंडी समिति की ओर से आरोपी को कई बार लिखित नोटिस जारी कर राशि जमा कराने और स्पष्टीकरण देने को कहा गया, लेकिन न तो धनराशि जमा की गई और न ही किसी प्रकार का संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत किया गया। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि आरोपी द्वारा मंडी समिति की फाइलें और पत्रावलियां विधिवत हैंडओवर नहीं की गईं, जिससे कार्यालयीन कार्य बाधित हुआ और राजस्व को नुकसान पहुंचा।

#### रिकॉर्ड गायब, जांच में बाधा

शिकायत में यह गंभीर आरोप भी लगाया गया है कि मंडी समिति में कई महत्वपूर्ण पत्रावलियां उपलब्ध नहीं हैं। रिकॉर्ड के अभाव में न केवल जांच प्रभावित हो रही है, बल्कि मंडी के दैनिक प्रशासनिक कार्य भी बाधित हैं। इससे शासन-प्रशासन को आर्थिक क्षति होने की बात कही गई है।

#### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली महरौनी में मुकदमा संख्या 0060/2026 दिनांक 16 फरवरी 2026 को दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की विवेचना निरीक्षक निर्भय चंद्र को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान ऑडिट रिपोर्ट, बैंकिंग लेन-देन, मंडी अभिलेख और संबंधित अधिकारियों के बयान जुटाए जाएंगे। दोष सिद्ध होने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### प्रशासनिक हलकों में मचा हड़कंप

करोड़ों रुपये के इस कथित घोटाले के सामने आने से मंडी प्रशासन और जिले के प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी धन से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत पडऩे पर आर्थिक अपराध शाखा/विशेष टीम से भी जांच कराई जा सकती है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। आरोपी की भूमिका, धन के उपयोग और संभावित सहयोगियों की भी पड़ताल की जा रही है।

---

## जमीन माफियाओं का बड़ा खेल उजागर फर्जी बैनामों से करोड़ों की जमीन हड़पी

### 10 नामजद आरोपियों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में जमीन से जुड़े एक बड़े और सुनियोजित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 10 नामजद आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने आपसी साठगांठ कर फर्जी दस्तावेजों के सहारे उसकी पैतृक भूमि के बैनामे कर लिए, इतना ही नहीं सरकारी नाले को पाटकर अवैध कब्जा भी कर लिया, जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई और उसे करीब 20 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

**न्यायालय के हस्तक्षेप से दर्ज हुई एफआईआर:** यह मामला थाना महरौनी में मु.अ.सं. 0059/2026, दिनांक 16 फरवरी 2026, समय शाम 5.08 बजे पंजीकृत किया गया। पीड़ित मान सिंह पुत्र मोतीलाल, निवासी ग्राम कुम्हैड़ी, थाना महरौनी ने आरोप लगाया कि उसने पहले भी उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी थी, लेकिन थाना स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय की शरण लेने पर एफआईआर दर्ज की गई।

**फर्जी बैनामों से जमीन हड़पने का आरोप:** वादी के अनुसार, उसकी भूमि खाता संख्या 862, गाटा संख्या 3051 से संबंधित है, जिस पर उसका वैध और दर्ज स्वामित्व है। आरोप है कि मुख्य आरोपियों ने यह जानते हुए भी कि भूमि उनके नाम दर्ज नहीं है, वर्ष 2021 से 2022 के बीच फर्जी बैनामे तैयार कराए। इन बैनामों में जानबूझकर ग्राम कुम्हैड़ी की जगह अन्य गांव के नक्शे व चौहद्दी दर्शाई गई, ताकि वास्तविक स्थिति छिपाई जा सके। बैनामे में भुगतान के लिए बैंक चेक दिखाए गए, जबकि वास्तविक रूप से कोई वैध लेन-देन नहीं हुआ। एफआईआर में यह भी आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नाले को मिट्टी से पाटकर उस पर कब्जा कर लिया।

### शिवपुरी में साथी अधिवक्ता की हत्या के विरोध में हड़ताल पर थे सभी वकील

# अदालतों में वकीलों को ढूंढते नजर आए पक्षकार, अगली तारीखें मिली

## विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

शिवपुरी जिले में एक अधिवक्ता की गोली मारकर की गई नृशंसा हत्या के विरोध में राजगढ़ जिला न्यायालय सहित सभी तहसील न्यायालयों के अधिवक्ता अदालतों के कार्य से विरत रहे। साथी अधिवक्ताओं पर आए दिन हो रहे हमलों, हत्या के विरोध में राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर वकील अदालतों में पहुंचे ही नहीं। ऐसे में न्यायालयों में विभिन्न मामलों के पक्षकार अपने अधिवक्ताओं, वकीलों को यहां-वहां ढूंढते नजर आए। उधर, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों की तीखी निंदा करते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग रखी। अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों के संबंध में





कलेक्टोरेट में जमकर नारेबाजी भी की।

### शासकीय नौकरी व 1 करोड़ अनुगृह सहायता की मांग

ज्ञापन में उल्लेख है कि अधिवक्ता न्याय के प्रहरी के रूप में काम करते हैं और उन्हीं की हत्याएं हो रही हैं, आए दिन हमलों के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने सहित शिवपुरी के मृत अधिवक्ता के परिवार को शासकीय नौकरी एवं 1 करोड़ रुपए की अनुगृह सहायता देने की मांग सभी अधिवक्ताओं ने रखी।

### तहसील न्यायालयों में भी कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

अधिवक्ताओं का उग्र आंदोलन, प्रदर्शन अकेले जिला न्यायालय तक सीमित नहीं बल्कि जिले के अन्य तहसील न्यायालयों में भी वकील काम पर नहीं पहुंचे। सभी न्यायालयों में विभिन्न प्रकरणों, मामलों के पक्षकार अपने वकीलों को ढूंढते नजर आए।

### अटकी जमानतें, अगली तारीखें दी गईं

जिले के सभी अधिवक्ताओं, वकीलों के कार्य से विरत रहने के चलते सभी तरह के आपराधिक मामलों से जुड़ी जमानतें, सुनवाई नहीं हो पाईं। न्यायालय से संबंधित पक्षकारों की आगे की तारीखें दी गईं। मुख्यालय पर हुए ज्ञापन, प्रदर्शन के दौरान शेख मुजीब, अविनाश दशेहरिया, आलोक श्रीवास्तव, आफताब खान, सतीश व्यास, प्रहलाद पंवार, समीर सक्सेना, बीएम सक्सेना, नवनीत शर्मा, वल्लभ शर्मा, जेपी शर्मा, रिषिराज शर्मा, नरेंद्र परमार, धमेंद्र नामदेव, मोहम्मद सिद्धिकी, अमित व्यास, प्रभा शर्मा, मनोज गुर्जर, लाड़सिंह, रमेश धाकड़, लक्ष्मीनारायण मंडलोई, विजय शर्मा, तरुण श्रीवास्तव, नारायण सिंह, मोहन वर्मा, धमेंद्र उमठ, कमल उमठ, मोहनीश, राकेश गौर, सुनील सोनी, मेहरबान, हेमराज सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल से टोटियां चोरी करने वाला धराया

### तुलसीयान सिक्यूरिटी सर्विस की सिक्यूरिटी के बिछाए जाल में फंसा चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

एक महीने से लगातार जिला अस्पताल में चोरी की घटनाओं को आए दिन अंजाम देने वाले चोर का पर्दाफाश हो गया है। तुलसीयान सिक्यूरिटी सर्विसेस के सुपरवाइजरों की समझदारी से इस चोर को पकड़ा जा सका है।

सुपरवाइजर विक्रमसिंह एवं प्रहलाद सिंह ने बताया की पिछले 15 दिनों से जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों से नल की टोंटियां निकाली जा रहीं थी और चोर पकड के बाहर था परंतु सोमवार को सिक्यूरिट सुपरवाइजर ने सक्पेक्ट दिख रहे युवा का पीछा किया और देखा की थोड़ी देर बाद कैंसर वार्ड के पास के वाथरूम से पानी बाहर आने लगा तो सिक्यूरिटी सर्विसेस के गार्ड ने संदिग्ध से पूछताछ की और पूछा की अस्पताल में क्या कर रहे हो तो उसका जवाब भी बेतुका ही था। जिस पर इस पर संदेह और बढ़ गया इसको पकड़कर जब पुलिस के सामने ले जाया गया तो पता चला की इशान खान पिता बाबूखान निवासी ब्यावरा द्वारा कई दिनों से टोंटियां चुराने का काम किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी



को पकडकर राजगढ से लेकर ब्यावरा तक छुपाई गई टोंटियों को जप्त करने की कार्रवाई की गई। जिसमें लगभग 50 टोटियां मिलने की अपुष्ट जानकारी है।

### तुलसीयान सिक्यूरिटी सर्विसेस ने किया सराहनीय कार्य

तुलसीयान सिक्यूरिटी सर्विसेस द्वारा जिला अस्पताल में दी जा रही सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए कंपनी के प्रबंधक सोम कलोरिया ने कहा है कि हमारे सुपरवाइजर एवं सुरक्षा गार्ड के हौसलों एवं चतुराई के कारण यह टोंटी चोर पकडा है आगे भी हम अपने सहयोगियों से इसी तरह कार्य करने की आशा करते है।

### सिक्यूरिटी प्रबंधक ने 1 माह में चोर पकड़ने का किया था वादा

आरएमओं डां अमित कोली ने बताया कि लगातार चोरी को लेकर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने सिक्यूरिटी एजेंसी प्रबंधक को नोटिस दिया था जिसके जबाब में उन्होने 1 महीने में चोर को पकडने का आश्वासन दिया था।

# मुंडला बारोल में 1.39 करोड़ के हाई स्कूल भवन का लोकार्पण

### मानपिछोड़ी सहित पंचायतों में विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नरसिंहगढ़



क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक मोहन शर्मा द्वारा ग्राम मुंडला बारोल में 1 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन हाई स्कूल भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना शासन की प्राथमिकता है, जिससे ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

इसी क्रम में ग्राम मानपिछोड़ी में प्रधानमंत्री सड़क से छापरीखुर्द तक 20 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ ही ग्राम आवली में पंचायत भवन के पास 40 लाख रुपये की पुलिया निर्माण, ग्राम झाड़ला में 20 लाख रुपये की सीसी सड़क, ग्राम सूकल्या में चैक से भील मोहल्ले तक 25 लाख रुपये की सीसी सड़क तथा ग्राम तिन्दोनिया (देवगढ़) में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये की लागत से एक अन्य पुलिया निर्माण कार्य तथा ग्राम माना, बिजौरी और तरेनी धाकड़ में लगभग 2 करोड़ 16 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बेहतर आवागमन सुविधा एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सीईओ की कार्रवाई

# रूपपुरा सचिव सस्पेंड, खिलचीपुर का सब-इंजीनियर राजगढ़ अटैच

**राजगढ़।** ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार को खिलचीपुर जनपद सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा ली गई इस बैठक में विभिन्न लापरवाहियों पर कई तल्ख निर्णय लिए गए। समीक्षा के दौरान रामेश्वर सोलंकी, सचिव ग्राम पंचायत रूपपुरा द्वारा सीएम हेल्पलाइन की 03 शिकायतों के निराकरण में रुचि न लेने, ग्राम पंचायत कार्यालय बंद पाए जाने तथा साफ-सफाई के नाम पर राशि आहरित करने के बावजूद साफ-सफाई न कराए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया।

इसी क्रम में जितेन्द्र सिंह उमठ, उपयंत्री (संविदा) वाटरशेड, जनपद पंचायत खिलचीपुर बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। साथ ही पूर्व में भी जिला पंचायत स्तर की बैठकों में अनुपस्थित रहने के कारण उन्हे आगामी आदेश तक जिला पंचायत वाटरशेड में संबद्ध किए जाने की कार्यवाही की गई। इसी तरह दिनेश गुप्ता, पंचायत समन्वयक अधिकारी, जनपद पंचायत खिलचीपुर की अनेकों लापरवाहियों पर फिलहाल उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

खिलचीपुर क्षेत्र के अन्य कार्यों की भी समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत खिलचीपुर की 47 ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि 47 में से 28 आंगनवाड़ी भवन पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष 19 आंगनवाड़ी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।



### कुरावर में कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**कुरावर।** ब्लॉक कांग्रेस और शहर कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सोमवार को शुरू होने के साथ शाम को 1 महीने के आश्वासन पर समाप्त हो गया। सुबह 11 बजे से नगर परिषद कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर धरने पर बैठ थे जो धरना-प्रदर्शन समाप्त होते ही उठ गए। धरना-प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है। भाजपा पार्षदों के वार्डों में निर्माण और विकास कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्षदों को उपेक्षित किया जा रहा है। उनके वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है, जिससे नगरवासी परेशान होते हैं। कांग्रेसी पार्षदों का कहना है कि हमारे वार्डों में नलजल, नाली, बिजली सड़क सहित साफ सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### पसंद की दुकान चुनने की सुविधा

# अब खाद के लिए कतार खत्म, किसान घर बैठे ही बुक कर सकेंगे खाद

**सारंगपुर।** खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 से नई प्रक्रिया लागू कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद लेने के लिए टोकन हेतु लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। किसान घर बैठे मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे और अपनी पसंद की दुकान या संस्था का चयन कर निर्धारित समय पर पहुंचकर खाद खरीद सकेंगे। राज्य में ई-टोकन सिस्टम के जरिए खाद वितरण की प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है।

उक्त जानकारी देते हुए कृषि विस्तार अधिकारी राजेश राजपूत ने बताया कि इस व्यवस्था के लागू होने से खरीफ फसल तक अधिकतम किसानों को इससे जोड़ा जाएगा, जिससे खाद के लिए होने वाली अव्यवस्था और मारामारी की स्थिति समाप्त होने की उम्मीद है। नई प्रणाली में किसान जैसे ही अपना सर्वे नंबर दर्ज करेंगे, उनकी जमीन से जुड़ी पूरी जानकारी स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाएगी। इसमें किसान द्वारा बोई गई फसल और रकबे का विवरण भी शामिल रहेगा। ई-टोकन सिस्टम के लिए कृषि विभाग द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है। इस पोर्टल पर किसान अपना आधार नंबर दर्ज कर पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के बाद खाद उपलब्ध कराने वाली संस्था या दुकान का चयन कर किसान ऑनलाइन ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। टोकन में दिए गए समय पर संबंधित खाद वितरण केंद्र पर पहुंचकर किसान आसानी से खाद खरीद पाएंगे।

# दंपती के बैग को काट कर 6 तोला सोना किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को चुनौती देते हुए शातिर चोरों ने इंदौर-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इंदौर निवासी एक दंपती जब शादी समारोह में शामिल होने ग्वालियर जा रहे थे, तभी रास्ते में उनके ट्रॉली बैग से करीब 5 से 6 तोला वजनी सोने के आभूषण चोरी हो गए। वहीं जिले के म्याना से गुना के बीच चलने वाली एक यात्री बस में अज्ञात चोर ने एक महिला के पर्स से सोने के जेवरात साफ कर दिए। पीड़िता ने म्याना थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी हेमेन्द्र सिंह जादौन निवासी इंदौर ने जीआरपी गुना को बताया कि वह गत दिवस को अपनी पत्नी नंदनी भदौरिया के साथ ट्रेन संख्या 11125 इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच एस-3 में यात्रा कर रहे थे।

उज्जैन स्टेशन से निकलने के बाद उनकी नींद लग गई थी। रात करीब 1 बजे जब उनकी आंख खुली, तो उन्होंने देखा कि सामने वाली लोअर बर्थ पर करीब 35 से 40 साल का एक अज्ञात व्यक्ति बैठा हुआ था। इसके बाद हेमेन्द्र सिंह पुनः सो गए।रात करीब 3 बजे जब ट्रेन गुना स्टेशन के समीप पहुँच रही थी, तब हेमेन्द्र की नींद खुली। उन्होंने देखा कि सामने बैठा व्यक्ति गायब था। शक होने पर उन्होंने अपनी बर्थ के नीचे रखा ट्रॉली बैग चेक किया, तो उसके होश उड़ गए। शातिर चोर ने बैग की चैन खोलने के साथ-साथ उसे ऊपर से काट दिया था। बैग खोलकर देखने पर उसमें रखे सोने का हार, एक जोड़ी कान की ब्रज बाला, एक जोड़ी झुमके और दो अंगूठियां गायब थीं। फरियादी ने बताया कि वह ग्वालियर में एक शादी में शामिल होने जा रहे थे, इसलिए वहां पहुंचकर ग्वालियर जीआरपी में आवेदन दिया। चूंकि घटना गुना स्टेशन के आसपास की है, इसलिए ग्वालियर जीआरपी ने शून्य पर मामला दर्ज कर केस डायरी असल अपराध कायम करने हेतु गुना जीआरपी को भेज दी है। चोरी गए जेवरों का वजन करीब 5 से 6 तोला बताया जा रहा है। पुलिस अब हुलिए के आधार पर अज्ञात संदिग्ध की तलाश में जुट गई है।

### बस से महिला के पर्स से सोने के जेवरात साफ

इधर जिले के म्याना से गुना के बीच चलने वाली एक यात्री बस में अज्ञात चोर ने एक महिला के पर्स से सोने के जेवरात साफ कर दिए। पीड़िता ने म्याना थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादिया नंदनी जाटव निवासी सिरोंज (विदिशा) ने बताया कि वह म्याना स्थित अपने मायके आई हुई थी। गत विस वह वापस जाने के लिए म्याना चौराहा से सफेद रंग की बस क्रमांक एमपी 07-5171 में सवार हुई।

बस में काफी भीड़ थी, जिसका फायदा उठाकर किसी अज्ञात बदमाश ने उसके पर्स की चैन खोल ली और अंदर रखी डिब्बी पार कर दी। उस डिब्बी में करीब दो तोला वजन का सोने का हार और नथ-बेंदी रखी थी, जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई जा रही है। जब बस गुना के जयस्तंभ चौराहे पर रुकी और पीड़िता नीचे उतरी, तब उसने देखा कि पर्स की चैन खुली हुई है और जेवरात गायब हैं।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन सुरक्षा कानून लागू करने की मांग




**सारंगपुर।** गत दिवस करैरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में अभिभाषक संघ सारंगपुर ने कड़ा विरोध जताया। संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा गया तथा घटना की निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। अभिभाषक संघ ने बताया कि उक्त घटना से प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश और भय का वातावरण है। अधिवक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक शासन द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, जिससे न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। संघ ने शासन से मांग की कि मृतक अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना के हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। साथ ही मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग भी की गई। ज्ञापन का वाचन अभिभाषक संघ सारंगपुर के अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त सारंगपुर सहायक शिक्षक जाहिदा मोटलानी का हुआ सम्मान



**सारंगपुर।** जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान सारंगपुर सहायक शिक्षक जाहिदा मोटलानी सहित अन्य का सम्मान किया गया। आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में पेंशनरों को साइबर फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए आर्थिक नुकसान से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि आजकल एसएमएस के माध्यम से कई बार साइबर अपराधी फर्जी संदेशों के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। माह जनवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारी में सारंगपुर सहायक शिक्षक जाहिदा मोटलानी एवं सहायक शिक्षक बाबूलाल वर्मा को माला, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी, डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरे, जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे आदि मौजूद थे।

### टाइम लिमिट बैठक में सख्त लहजे में नजर आए जिलाधीश

# लापरवाही पर लोकसेवकों की वेतनवृद्धियां रोकने के दिए निर्देश, किसी को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, ई-ऑफिस सार्थक ऐप, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान सीएमओ ब्यावरा, सीएमओ खिलचीपुर, पीएचई एई एवं जल संसाधन ईई को बॉटम एल-1 में निम्न प्रदर्शन पर सख्त चेतावनी दी। सीईओ जनपद राजगढ़ द्वारा संतुष्टिपूर्ण जवाब दर्ज न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। रेशम विभाग में कई लापरवाहियों पर सभी कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश प्रदान किए। फाइल क्रिएशन में खराब प्रदर्शन पर तहसीलदार सुठालिया को नोटिस जारी कर अधीनस्थ दो लिपिकों की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए।

### नोटिस के साथ ही रोकी गई वेतनवृद्धियां

ई-ऑफिस में गत 25 दिनों से लॉगिन न करने पर पिंकी साहू सहायक ग्रेड-3 ब्यावरा की एक वेतनवृद्धि रोक दी गई। पशु चिकित्सा विभाग की डॉ. सोनाली को सार्थक अटेंडेंस में निम्न प्रगति पाए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जनहित एवं शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा आगामी बैठक में सभी बिंदुओं की सख्ती से समीक्षा की जाएगी।

## सकारात्मक स्लोगन गतिविधि का किया आयोजन, विद्यार्थियों ने दिए प्रेरणादायक संदेश



**सारंगपुर।** महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण गतिविधियों के अंतर्गत सकारात्मक स्लोगन गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण पर आधारित आकर्षक पोस्टर बनाए गए तथा पोस्टरों के माध्यम से जीवन में सकारात्मकता के महत्व का समाज को संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ ममता खोइया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में सकारात्मक विचारों की महत्ता को रेखांकित किया। वहीं नोडल अधिकारी ने अपने वक्तव्य में बताया कि सकारात्मक सोच तनाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है। इस अवसर पर, तथा ने भी सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए सकारात्मक विचारों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।